## प्रेस नोट दिनांक 17.07.2026

## थाना इज्जतनगर जनपद बरेली

**थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण, पुलिस मुठभेड़ में 01 घायल सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, लूटा गया सोने का मंगलसूत्र, अवैध तमंचा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद ।**

थाना इज्जतनगर पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए लूट की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने वाला एक अभियुक्त पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से भागने का प्रयास करते समय दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा थाना इज्जतनगर के मुकदमा संख्या 618/2026 से संबंधित लूटा गया सोने का मंगलसूत्र बरामद किया गया।

**घटना का विवरणः-**

दिनांक 16/17.07.2026 की रात्रि थाना इज्जतनगर पुलिस सैदपुर चुन्नीलाल रोड पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे, लेकिन कच्चे रास्ते पर फिसलकर गिर गए। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी किए जाने पर एक अभियुक्त ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर किया, जिसकी गोली उपनिरीक्षक मोहित कुमार के सिर के पास से निकल गई। पुलिस ने आत्मरक्षा एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी। दूसरे अभियुक्त को पुलिस टीम ने पीछा कर दबोच लिया।

घायल अभियुक्त की पहचान जतिन उर्फ जीतू पुत्र दिनेश तथा दूसरे अभियुक्त की पहचान शिवा पुत्र सूरज के रूप में हुई। तलाशी के दौरान घायल अभियुक्त जतिन के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। अभियुक्त शिवा की तलाशी में थाना इज्जतनगर के मु0अ0सं0 618/2026 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस से संबंधित लूटा गया सोने का मंगलसूत्र बरामद हुआ। घायल अभियुक्त जिला अस्पताल बरेली में पुलिस अभिरक्षा में उपचार दिलवाया गया। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना इज्जतनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 655/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 ए एक्ट थाना इज्जतनगर बरेली

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1.जतिन उर्फ जीतू पुत्र दिनेश निवासी हाउस न0 41 सदर कैन्ट थाना कैन्ट जिला बरेली हाल निवासी काशीराम कालोनी रामगंगानगर थाना बिथरी चैनपुर बरेली उम्र 22 वर्ष (घायल)

2. शिवा पुत्र सूरज निवासी गोला बाजार सदर कैन्ट थाना कैन्ट जिला बरेली हाल पता वदिया लाईन चिनहेट थाना कैन्ट जिला बरेली उम्र 19 वर्ष

**अभियुक्त जतिन का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 230/25 धारा 109/3(5) बीएनएस व 9/27 ए एक्ट थाना प्रेमनगर जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 618/26 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
3. मु0अ0सं0 189/23 धारा 392/411 भादवि थाना कैण्ट जनपद बरेली
4. मु0अ0सं0 345/25 धारा 109(/351(3)/352 बीएनएस थाना कैण्ट जनपद बरेली
5. मु0अ0सं0 226/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना प्रेमनगर जनपद बरेली

**अभियुक्त शिवा का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 230/25 धारा 109/3(5) बीएनएस व 9/27 ए एक्ट थाना प्रेमनगर जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 618/26 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
3. मु0अ0सं0 226/25 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस थाना प्रेमनगर जनपद बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर

घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल

थाना इज्जतनगर के मु0अ0सं0 618/2026 से संबंधित लूटा गया एक सोने का मंगलसूत्र

**पूछताछ विवरणः-**

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि दिनांक 11.07.2026 को उन्होंने नैनीताल रोड क्षेत्र से एक महिला का मंगलसूत्र लूटा था। बरामद मंगलसूत्र को बेचने के उद्देश्य से वे निकले थे, लेकिन कम कीमत मिलने के कारण उसे नहीं बेच सके और वापस लौट रहे थे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर पकड़े जाने के डर से जतिन ने पुलिस पार्टी पर तमंचे से फायर कर दिया।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
2. एसओजी टीम द्वितीय प्रभारी प्रशान्त कुमार मय टीम
3. उ0नि0 मोहित कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
4. उ0नि0 लाखन सिंह थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
5. उ0नि0 राजा भारद्वाज थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
6. उ0नि0 विकास यादव थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
7. हे0कां0 मुकेश कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
8. कां0 वरूण सत्याल थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
9. कां0 दिव्यांशु चौहान थाना इज्जतनगर जनपद बरेली